# बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना

विज्ञप्ति संख्या–पी.आर. 241/2022

**माध्यमिक कक्षा के वर्ग 09वीं, 10वीं के नियमित/स्वतंत्र/पूर्ववर्ती वर्ष के छात्र/छात्रा, उनके अभिभावक, विद्यालयों के प्रधान एवं शिक्षक, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (मा0शि0) एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी के लिए माध्यमिक परीक्षा से संबंधित गतिविधियों (जनवरी 2023 से दिसंबर 2023) के लिए तैयार किये गए वर्ष 2023 के वार्षिक कैलेण्डर के संबंध में आवश्यक सूचना**

एतद् द्वारा माध्यमिक कक्षा के वर्ग 09वीं, 10वीं के नियमित/स्वतंत्र/पूर्ववर्ती वर्ष के छात्र/छात्रा, उनके अभिभावक, विद्यालयों के प्रधान एवं शिक्षक, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (मा0शि0) एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी के लिए बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा माध्यमिक परीक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण गतिविधियों के लिए वार्षिक कैलेण्डर, 2023 का प्रकाशन किया जाता है।

**2.** माध्यमिक परीक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण गतिविधियों के लिए प्रकाशित किये जा रहे वार्षिक कैलेण्डर, 2023 की माहवार/तिथिवार गतिविधियाँ निम्नवत् हैं –

| माह | क्र.सं. | गतिविधि | तिथि/माह |
|---|---|---|---|
| जनवरी | 1 | वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2023 का मूल प्रवेश-पत्र (नन–सेन्ट अप परीक्षार्थियों को छोड़कर) समिति के वेबसाईट पर अपलोड करने एवं शिक्षण संस्थान के प्रधान द्वारा इसे डाउनलोड कर परीक्षार्थियों को प्राप्त कराने की तिथि। | दिनांक 08.01.2023 से 15.01.2023 तक |
| | 2 | वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2023 का इन्टरनल एसेसमेन्ट/प्रायोगिक परीक्षा के आयोजन की तिथि। | दिनांक 19.01.2023 से 21.01.2023 तक |
| | 3 | वार्षिक माध्यमिक परीक्षा 2023 हेतु सह–परीक्षक, प्रधान परीक्षकों का मूल नियुक्ति पत्र समिति की वेबसाईट पर जारी करने एवं इस हेतु विज्ञप्ति का प्रकाशन तथा जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय में भेजा जाना। | जनवरी, 2023 |
| फरवरी | 4 | वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2023 का कार्यक्रम (नीचे देखें) | |

**वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2023 का कार्यक्रम**

| परीक्षा की तिथि/दिन | प्रथम पाली (First Shift) | द्वितीय पाली (Second Shift) |
|---|---|---|
| 14.02.2023 (मंगलवार) | 110–गणित (पूर्वाह्न 09:30 बजे से अपराह्न 12:45 बजे तक) | 210–गणित (अपराह्न 01:45 बजे से अपराह्न 05:00 बजे तक) |
| 15.02.2023 (बुधवार) | 112–विज्ञान (पूर्वाह्न 09:30 बजे से अपराह्न 12:15 बजे तक) | 212–विज्ञान (अपराह्न 01:45 बजे से अपराह्न 04:30 बजे तक) |
| 16.02.2023 (गुरुवार) | 111–सामाजिक विज्ञान (पूर्वाह्न 09:30 बजे से अपराह्न 12:15 बजे तक) | 211–सामाजिक विज्ञान (अपराह्न 01:45 बजे से अपराह्न 04:30 बजे तक) |
| 17.02.2023 (शुक्रवार) | 113–अंग्रेजी (सामान्य) (पूर्वाह्न 09:30 बजे से अपराह्न 12:45 बजे तक) | 213–अंग्रेजी (सामान्य) (अपराह्न 01:45 बजे से अपराह्न 05:00 बजे तक) |
| 20.02.2023 (सोमवार) | मातृभाषा (101–हिन्दी, 102–बंगला, 103–उर्दू एवं 104–मैथिली) (पूर्वाह्न 09:30 बजे से अपराह्न 12:45 बजे तक) | मातृभाषा (201–हिन्दी, 202–बंगला, 203–उर्दू एवं 204–मैथिली) (अपराह्न 01:45 बजे से अपराह्न 05:00 बजे तक) |
| 21.02.2023 (मंगलवार) | द्वितीय भारतीय भाषा (हिन्दी भाषियों के लिए 105–संस्कृत, 107–अरबी, 108–फारसी एवं 109–भोजपुरी में से कोई एक भाषा तथा अहिन्दी भाषियों के लिए राष्ट्रभाषा 106–हिन्दी) (पूर्वाह्न 09:30 बजे से अपराह्न 12:45 बजे तक) | द्वितीय भारतीय भाषा (हिन्दी भाषियों के लिए 205–संस्कृत, 207–अरबी, 208–फारसी एवं 209–भोजपुरी में से कोई एक भाषा तथा अहिन्दी भाषियों के लिए राष्ट्रभाषा 206–हिन्दी) (अपराह्न 01:45 बजे से अपराह्न 05:00 बजे तक) |
| 22.02.2023 (बुधवार) | ऐच्छिक विषय (114–उच्च गणित, 115–वाणिज्य, 116–अर्थशास्त्र, 121–फारसी, 122–संस्कृत, 123–अरबी एवं 124–मैथिली) (पूर्वाह्न 09:30 बजे से अपराह्न 12:45 बजे तक) (117–ललित कला, 118–गृह विज्ञान, 119–नृत्य एवं 120–संगीत) (पूर्वाह्न 09:30 बजे से अपराह्न 12:15 बजे तक) | ऐच्छिक विषय (214–उच्च गणित, 215–वाणिज्य, 216–अर्थशास्त्र, 221–फारसी, 222–संस्कृत, 223–अरबी एवं 224–मैथिली) (अपराह्न 01:45 बजे से अपराह्न 05:00 बजे तक) (217–ललित कला, 218–गृह विज्ञान, 219–नृत्य एवं 220–संगीत) (अपराह्न 01:45 बजे से अपराह्न 04:30 बजे तक) |

• **दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए विज्ञान के स्थान पर संगीत एवं गणित के स्थान पर गृह विज्ञान विषय की परीक्षा का कार्यक्रम**

| परीक्षा की तिथि/दिन | प्रथम पाली (First Shift) | विषय कोड/विषय |
|---|---|---|
| 14.02.2023 (मंगलवार) | पूर्वाह्न 09:30 बजे से अपराह्न 12:45 बजे तक | 126–गृह विज्ञान |
| 15.02.2023 (बुधवार) | पूर्वाह्न 09:30 बजे से अपराह्न 12:15 बजे तक | 125–संगीत |

• सभी पालियों में 15 मिनट का आरम्भिक समय परीक्षार्थी को प्रश्नों को पढ़ने व समझने के लिए दिया गया है। पूर्व की भांति स्पॉस्टिक (Spastic) दृष्टिबाधित एवं वैसे दिव्यांग परीक्षार्थी जो स्वयं लिखने में असमर्थ हैं, को समिति द्वारा लेखक रखने की अनुमति दी जाएगी। ऐसे परीक्षार्थियों को परीक्षा के लिए निर्धारित समय में 20 मिनट प्रति घंटा अतिरिक्त समय क्षतिपूर्ति के रूप में दिया जाएगा।

• **प्रायोगिक परीक्षा का कार्यक्रम**

**(i)** ऐच्छिक विषय–गृह विज्ञान, संगीत, नृत्य एवं ललित कला तथा दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के संगीत विषय की प्रायोगिक परीक्षा की **तिथि 19.01.2023 से 21.01.2023 तक**।

**(ii)** विद्यालय स्तर पर विज्ञान विषय में आन्तरिक मूल्यांकन (Internal Assessment) तथा सामाजिक विज्ञान पाठ्यक्रम पर आधारित Literacy Activity एवं Project Work एवं विषय–गृह विज्ञान, संगीत, नृत्य एवं ललित कला की प्रायोगिक परीक्षा का स्टैण्डर्ड मार्क्सफवायल एवं अवार्डशीट सभी विद्यालय प्रधान संबंधित जिला शिक्षा पदाधिकारी के कार्यालय मे **दिनांक 24.01.2023 तक** अनिवार्य रूप से प्राप्त करायेंगे।

**(iii)** जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय द्वारा स्टैण्डर्ड मार्क्सफवायल, अवार्डशीट आदि समिति के विशेष दूत को प्राप्त कराने की **तिथि 25.01.2023 से 27.01.2023 तक**।

| माह | क्र.सं. | गतिविधि | तिथि/माह |
|---|---|---|---|
| फरवरी | 5 | वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2024 में सम्मिलित होने के लिए पंजीकृत परीक्षार्थियों की कक्षा 09वीं की विद्यालय स्तर पर आयोजित की जाने वाली आन्तरिक वार्षिक परीक्षा, 2023 का आयोजन। | फरवरी (अंतिम सप्ताह)/मार्च (प्रथम सप्ताह), 2023 |
| मार्च | 6 | वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2023 के परीक्षाफल प्रकाशन। | मार्च/अप्रैल, 2023 |
| | 7 | माध्यमिक कम्पार्टमेंटल–सह–विशेष परीक्षा, 2023 में सम्मिलित होने के लिए ऑनलाईन परीक्षा आवेदन भरे जाने की अवधि। | मार्च/अप्रैल, 2023 |
| | 8 | माध्यमिक कम्पार्टमेंटल/सह विशेष परीक्षा, 2023 के परीक्षार्थियों का प्रवेश पत्र निर्गमन। | अप्रैल/मई, 2023 |
| अप्रैल | 9 | माध्यमिक कम्पार्टमेंटल–सह–विशेष परीक्षा, 2023 के सैद्धान्तिक एवं प्रायोगिक परीक्षा आयोजन की अवधि। | अप्रैल/मई, 2023 |
| मई | 10 | माध्यमिक कम्पार्टमेन्टल–सह–विशेष परीक्षा, 2023 परीक्षाफल का प्रकाशन। | मई/जून, 2023 |
| जुलाई | 11 | वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2024 में सम्मिलित होने के लिए समिति के वेबसाईट पर परीक्षार्थियों का डमी पंजीयन/अनुमति कार्ड अपलोड करने एवं शिक्षण संस्थानों के प्रधान द्वारा इसे डाउनलोड कर छात्र–छात्राओं को उपलब्ध कराने एवं ऑनलाइन त्रुटि सुधार का कार्य। | 27.07.2023 से 10.08.2023 तक |
| अगस्त | 12 | ऑनलाइन त्रुटि सुधार के पश्चात वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2024 का मूल पंजीयन/अनुमति कार्ड समिति के वेबसाइट पर जारी करने एवं शिक्षण संस्थानों के प्रधान द्वारा इसे डाउनलोड कर छात्र–छात्राओं को उपलब्ध कराने का कार्य। | 23.08.2023 से 07.09.2023 तक |
| | 13 | वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2024 में सम्मिलित होने के लिए ऑनलाइन समिति के वेबसाइट पर परीक्षा आवेदन भरे जाने की अवधि। | 25.08.2023 से 08.09.2023 तक |
| सितम्बर | 14 | वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2025 में सम्मिलित होने वाले कक्षा 09वीं के नियमित/स्वतंत्र कोटि के छात्र/छात्राओं के पंजीयन/अनुमति आवेदन पत्र ऑनलाईन भरने संबंधी कार्य प्रारम्भ करने की अवधि। | 10.09.2023 से 25.09.2023 तक |
| अक्टूबर | 15 | वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2024 में सम्मिलित होने के लिए डमी एडमिट कार्ड त्रुटि सुधार हेतु अपलोड एवं शिक्षण संस्थानों के प्रधान द्वारा डाउनलोड कर छात्र–छात्राओं को उपलब्ध कराने का कार्य। | 03.10.2023 से 17.10.2023 तक |
| नवम्बर | 16 | वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2024 में सम्मिलित होने वाले छात्र/छात्राओं का माध्यमिक (दसवीं) सेन्ट–अप/जाँच परीक्षा, 2023 का आयोजन एवं संबंधित गतिविधियाँ। | 16.11.2023 से 25.11.2023 तक |
| दिसम्बर | 17 | वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2024 के परीक्षा कार्यक्रम का प्रकाशन। | 10.12.2023 तक |

**3.** माध्यमिक कक्षा के वर्ग 09वीं, 10वीं के नियमित/स्वतंत्र/पूर्ववर्ती वर्ष के छात्र/छात्रा, उनके अभिभावक, विद्यालयों के प्रधान एवं शिक्षक, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (मा0शि0) एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी को सूचित किया जाता है कि उपर्युक्त तालिकांकित माहवार/तिथिवार प्रकाशित की जा रही गतिविधियों को अपने स्तर पर भविष्य के संदर्भ के लिए संधारित करते हुए तदनुसार ससमय कार्रवाई करना सुनिश्चित करेंगे।

**4.** पंजीयन/अनुमति आवेदन/परीक्षा आवेदन पत्र भरे जाने की तिथि को, आवश्यकतानुसार/समिति के निर्णय के अनुसार, बिना विलम्ब शुल्क के अथवा विलम्ब शुल्क के साथ विस्तारित भी किया जा सकता है।

**5.** उपरोक्त तिथियों में अपरिहार्य कारणवश परिवर्तन हो सकते हैं। यदि आवश्यकतावश उपरोक्त किसी तिथि/तिथियों में परिवर्तन होता है, तो उसकी सूचना अखबारों में विज्ञप्ति के माध्यम से एवं समिति के वेबसाईट पर प्रकाशित की जाएगी।

परीक्षा नियंत्रक (माध्यमिक)